# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईटः www.shekhauni.ac.in ई–मेलः ce@shekhauni.ac.in

क्रमांकः 12195 दिनांक : 25/02/2026

## प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क जमा करवाने के संबंध में आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय के आदेश क्रमांक 11508 दिनांक 15.01.2026 के क्रम में NEP 2020 के तहत स्नातक प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के परीक्षार्थियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु निर्धारित केंद्रों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण लेने की अनुमति प्रदान की गई थी उसी क्रम में प्रायोगिक परीक्षा केंद्र महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि स्नातकोत्तर प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के परीक्षार्थियों का प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क जमा नही हुआ है उनका नियमानुसार निर्धारित प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क दिनांक 28.02.2026 तक जमा कर प्रायोगिक प्रशिक्षण करवाना सुनिश्चित करें । प्रायोगिक प्रशिक्षण केंद्र इस प्रकार होंगे :–

| क्र. स | प्रायोगिक प्रशिक्षण केंद्र का नाम | विषय | क्षेत्राधिकार |
|---|---|---|---|
| 1 | (192) श्री आर.आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय, झुंझुनू | विज्ञान के सभी विषय व भूगोल | झुंझुनू जिले के परीक्षार्थी |
| 2 | (210) राजकीय महाविद्यालय खेतडी | गृह विज्ञान तथा मनोविज्ञान | सीकर जिले के मनोविज्ञान के परीक्षार्थी व झुंझुनू जिले के गृह विज्ञान तथा मनोविज्ञान के परीक्षार्थी |
| 3 | (359) राजकीय विज्ञान महाविद्यालय सीकर | विज्ञान के सभी विषय | सीकर जिले के परीक्षार्थी |
| 4 | (343) राजकीय कला महाविद्यालय सीकर | भूगोल | सीकर जिले के परीक्षार्थी |
| 5 | (336) कमला मोदी राजकीय कन्या महाविद्यालय, नीमकाथाना | गृह विज्ञान | सीकर जिले के परीक्षार्थी |

संबंधित प्राचार्यो/केन्द्राधीक्षकों से अपेक्षा है कि वे परीक्षार्थियों के विधिवत प्रायोगिक प्रशिक्षण करवाकर प्रमाण–पत्र जारी कर नियमानुसार निर्धारित तिथि में परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित करवाना सुनिश्चित करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः 12196 – 199 दिनांक– 25/02/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, कुलगुरू, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
2. कुलसचिव कार्यालय, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
3. प्राचार्य, समस्त महाविद्यालय अपने संबंधित परीक्षार्थियों को सूचित करवाने का श्रम करें।
4. प्रभारी वेबसाइट, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक